RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 16 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 84 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

# पांच से ज्यादा लोग एक जगह पर इकठ्ठा हुए तो होगी कार्रवाई

मुंबई : मुंबई में पुलिस ने आदेश जारी कर बताया कि शहर में ड्रोन, रिमोट नियंत्रित माइक्रो लाइट विमान, पैराग्लाइडर और गर्म हवा के गुब्बारे की उड़ान पर रोक लगा दी गई है। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि यह निषेधाज्ञा आदेश शनिवार से 29 जुलाई तक लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि यह निषेधात्मक आदेश वीवीआईपीएस को निशाना बनाने, बड़े पैमाने पर जनता के जीवन को खतरे में डालने, सार्वजनिक संपति को नुकसान पहुंचाने और कानून-व्यवस्था में गड़बड़ी पैदा करने के लिए ऐसी वस्तुओं के दुरुपयोग की संभावना को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।




अधिकारी ने बताया कि इस आदेश को विभिन्न स्रोतों से एकत्र की गई जानकारी के आधार पर जारी किया है। आदेश के मुताबिक अगर पांच या उससे अधिक लोग एक जगह इकठ्ठा होते हैं या सभा आयोजित करते हैं तो उन पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि ऐसी सभाओं से शांति भंग होने और सार्वजनिक शांति भंग होने की संभावना होती है। उन्होंने कहा कि निषेधाज्ञा में जुलूस, लाउडस्पीकर और अन्य ध्वनि विस्तारक प्रणालियों का उपयोग, संगीत बैंड और पटाखे फोड़ना शामिल है। अधिकारी ने बताया कि हालांकि, विवाह और अंतिम संस्कार समारोह, कंपनियों की वैधानिक बैठक, क्लब, सिनेमाघरों और उसके आसपास की सभाओं, हॉलों, स्कूलों आदि को छूट दी गई है। मुंबई पुलिस अधिकारी ने कहा, निषेधाज्ञा शनिवार से 29 जुलाई तक लागू रहेगी।

# सौंदरीयकरण के कामों को भी मनपा की विजिलेंस टीम कर रही जांच


## काम में गड़बड़ी पाए जाने पर ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई

मुंबई। मनपा की विजिलेंस टीम मुंबई में चल रहे सौंदर्यीकरण के कामों की भी जांच करने मैदान में उतरी है। मनपा प्रशासन का कहना है कि मुंबई की सुंदरता को निखार लाने के लिए सौंदरीयकरण का ठेका दिया गया है कामों में लापरवाही नहीं बरती जाए और किए गए काम में लीपापोती नहीं हो इसके लिए विजिलेंस की टीम सौंदरीयकरण के कामों की जांच जमीन पर उतर कर रही है।



टीम अपनी रिपोर्ट विजिलेंस विभाग के अधिकारियों को सौपेगी जिसके बाद काम में गुणवत्ता नही पाए जाने पर ठेकेदारों पर कार्रवाई होगी इस तरह की जानकारी विजिलेंस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने दी। बता दे कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई शहर को सुंदर बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मनपा प्रशासन ने मुंबई शहर में सौंदरीयकरण पर पहले 1700 करोड़ का ठेका दिया था जिसके तहत 500 स्थानों पर सौंदर्यीकरण का काम किया जाना था। यह निधि मुंबई मनपा को राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई। मनपा प्रशासन द्वारा सौंदरीयकरण के किए जा रहे अच्छे कामों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने और निधि देकर मुंबई शहर को और सुंदर बनाने का निर्णय लिया गया जिसके तहत अब 2200 करोड़ में कुल 800 स्थानों पर सौंदर्यीकरण का काम किया जा रहा है। इन कामों की गुणवत्ता परखने के लिए मनपा की विजिलेंस विभाग की टीम जमीन पर उतर कर कामों की जांच कर रही है। विजिलेंस अधिकारियों का कहना है कि यह प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का प्रोजेक्ट होने के कारण कामों के गुणवत्ता पर कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

## पुलिस निरीक्षक और कांस्टेबल रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक पुलिस निरीक्षक और एक कांस्टेबल को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुलुंड पुलिस थाने में तैनात दोनों आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। एसीबी के अधिकारी ने बताया, ह्पुलिस निरीक्षक और कांस्टेबल ने एक व्यक्ति से 25 लाख रुपये की मांग की थी, जिसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# पालघर में तेंदुआ के दिखने से इलाके में दहशत का माहौल, स्कूल बंद !

**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक गांव में बार-बार तेंदुओं के दिखने से इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय अधिकारियों ने ग्रामीणों खासकर बच्चों और बुजुर्गों को सूर्यास्त के बाद घरों से बाहर नहीं निकलने की हिदायत दी है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि दहानू तालुका के बावड़ा गांव में जिला परिषद द्वारा संचालित एक स्कूल में कुछ दिनों पहले एक तेंदुआ देखा गया था, जिसके बाद किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिये स्कूल को एहतियान बंद कर दिया गया था। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि बावड़ा में कनिकपाड़ा और धोंडीपाड़ा बस्तियों में रहने वाले कुछ युवाओं ने नौ जुलाई के बाद से कई बार तेंदुए को देखा। उन्होंने गांव के बुजुर्गों को इसकी जानकारी दी और वन विभाग को सूचित किया। उन्होंने कहा, किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए एक स्थानीय जिला परिषद स्कूल को एहतियातन बंद रखा गया है। स्थानीय नागरिकों, विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को सूर्यास्त के बाद बाहर नहीं निकलने के लिए कहा गया है।;



वन अधिकारियों ने कहा कि गांव और उसके आसपास तेंदुए के पैरों के निशान पाए गए, जिससे उसकी मौजूदगी की पुष्टि हुई। बोइसर की रेंज वन अधिकारी (आरएफओ) अपेक्षा साटम ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि वन विभाग ने अब तेंदुए की गतिविधि पर नजर रखने के लिए कुछ स्थानों पर कैमरे लगाए हैं। उन्होंने कहा, ''हालांकि, वन रक्षकों ने उसे इलाके में नहीं देखा है और ना ही यह कैमरे के वीडियो में दिख रहा है।; साटम ने कहा कि वन रक्षक ग्रामीणों की मदद के लिए 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं।

# भायन्दर में महिला और उसके आठ साल के बेटे की मौत

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भायन्दर शहर में एक महिला और उसके आठ साल के बेटे की संदिग्ध रूप से जहर खाने से मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को इस बात की जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि घटना शुक्रवार रात मुर्डी इलाके की एक हाउसिंग सोसायटी की है। अधिकारी ने कहा कि महिला का पति रात में जब घर आया तो उसने दरवाजा अंदर से बंद पाया और बार-बार दरवाजा खटखटाने के बावूजद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने कहा कि उसने (महिला के पति) दरवाजा तोड़ दिया और पाया कि उसकी पत्नी कविता चव्हाण, बेटा रोहित और भाई श्याम बेसुध जमीन पर पड़े हुए थे। अधिकारी ने कहा कि तीनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां बच्चे को मृत



घोषित कर दिया गया जबकि कविता की उपचार के दौरान आज (शनिवार) सुबह मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, श्याम की हालत में सुधार हो रहा है। अधिकारी ने कहा कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है और पुलिस ने घर से भोजन का नमूना लेकर जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच में यह पता लगाने में जुटी है कि कहीं यह विषाक्त भोजन का मामला तो नहीं है। अधिकारी ने कहा कि जांच में अन्य कारणों का भी पुलिस ध्यान रख रही है।




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## ऊंची उड़ान...

इसरो ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से अपने चंद्रयान-3 को चांद के लिए रवाना कर दिया और इसके साथ ही आम भारतीयों ने 23-24 अगस्त का इंतजार शुरू कर दिया है, जब इसे चांद की सतह पर उतरना है। पिछला मिशन यानी चंद्रयान-2 हर चरण को सफलतापूर्वक पार करने के बाद इसी में नाकाम हो गया था। सॉफ्ट लैंडिंग करने के बजाय वह तेजी से चांद की सतह से जा टकराया और क्षतिग्रस्त हो गया। बड़ी बात यह कहिए कि न तो वह नाकामी हमारे मनोबल को कमजोर कर सकी और न ही उसने हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम की संभावनाओं को प्रभावित किया। यह सही है कि चंद्रयान-2 के बाद चंद्रयान-3 को रवाना करने में चार साल लगे, जिसे बहुत कम नहीं कहा जा सकता, लेकिन इस बीच कोरोना महामारी से उपजी चुनौतियां भी हमारे रास्ते में आईं थीं। बहरहाल, हमारे संकल्प के सबूत के तौर पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष में जा चुका है। निश्चित रूप से इस मिशन की कामयाबी काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन यह एक लंबे सिलसिले की बस शुरूआत है। चांद पर इसकी सफल सॉफ्ट लैंडिंग भारत को उन देशों के क्लब में सम्मानपूर्ण प्रवेश देगी जिसके अभी सिर्फ तीन सदस्य हैं- अमेरिका, रूस और चीन। भारत ऐसा करने वाला चौथा देश होगा। लेकिन इससे बड़ी बात यह है कि यह मिशन इसरो के आगामी अंतरिक्ष अभियानों का रास्ता साफ करेगा। सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य एल इसी साल लॉन्च किया जाना है। पृथ्वी के वातावरण और उसकी सतह के अध्ययन के लिए अमेरिका के साथ एक जॉइंट मिशन 2024 में तय है और अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन गगनयान 2025 में छोड़ा जाना है। ध्यान रहे, इसी साल 21 जून को भारत ने अमेरिका की अगुआई वाले संयुक्त चंद्र अभियानों से जुड़े आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे जहां भारत को स्पेस टेक्नॉलजी में अमेरिकी महारत का फायदा मिलेगा, वहीं इसरो के कॉस्ट इफेक्टिव लॉन्च फैसिलिटी का भी बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा। यही नहीं, समझौते में शामिल अन्य देशों - फ्रांस, जापान और ऑस्ट्रेलिया- के साथ भी करीबी सहयोग का मौका मिलेगा। इस बीच देश में स्पेस एक्सप्लोरेशन का जो इकोसिस्टम विकसित हुआ है, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गौर करने की बात है कि चार साल पहले यानी चंद्रयान-2 लॉन्च किए जाते समय देश में स्पेस सेक्टर की मात्र 10 स्टार्टअप कंपनियां थीं। अब इनकी संख्या बढ़कर 140 हो गई है। इसरो ने सुविचारित ढंग से स्पेस सेक्टर में प्राइवेट कंपनियों के लिए गुंजाइश बनाई है जिसका एक फायदा यह भी है कि वह अब अपनी ऊर्जा स्पेस साइंस से जुड़े कोर एरिया में केंद्रित कर सकेगा। जाहिर है यह नया क्षेत्र भारत के सामने खुल रहा है और उसे इसमें बहुत आगे जाना है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# बारिश का फिर दिखा जोर... अंधेरी सबवे में भरा पानी

**मुंबई :** पिछले एक सप्ताह से ठप्प हुई बारिश का जोर गुरुवार की रात से फिर दिखाई दिया। शुक्रवार की सुबह होते होते बारिश ने अपना जोर पकड़ा। जिसका असर मुंबई के निचले इलाको खासकर अंधेरी सबवे में पानी भर गया जिससे सबवे को बंद कर देना पड़ा। इसी तरह सायन जैसे निचले इलाकोस सहित साकीनाका इलाको में पानी जगह जगह जमा हुआ दिखाई दिया जिससे कुछ जगहों पर लोगो को तकलीफो का सामना भी करना पड़ा। मौसम विभाग ने मुंबई में अगले तीन दिन तक बारिश होने को लेकर एलो अलर्ट जारी किया है।

बता दे कि पिछले एक सप्ताह से रुक सी बारिश का जोर गुरुवार की रात से दोबारा शुरू हुआ जिसका असर यह हुआ कि पिछले 24 घंटों में कोलाबा में 45 मिमी तो सांताक्रूज में 53 मिमी बारिश दर्ज की गई।बारिश का जोर इस कदर रहा कि अंधेरी सबवे में जलभराव के कारण यहां ट्रैफिक को कुछ देर के लिए डायवर्ट किया गया। बारिश के कारण सड़क यातायात भी धीमा हो गया.



इतना ही नहीं उपनगरीय सेवा भी धीमी पड़ी। मध्य रेलवे की लोकल गाड़िया 15 से 20 मिनट देरी से चल रही थी। शुक्रवार सुबह से बारिश ने जोर पकड़ा जिससे निचले इलाकों चेंबूर शेल कॉलोनी, सायन गांधी मार्केट सहित अन्य निचले इलाकों में पानी भर गया। सायन में साधना विद्यालय रोड नंबर 24 पर एक पेड़ गिरने के कारण इस मार्ग पर बेस्ट बसों का यातायात सायन सर्कल रोड नंबर 3 से डायवर्ट किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को भी मुंबई और आसपास के इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी है. गुरुवार की रात 4 बजे से शुक्रवार 11 बजे के बीच मुंबई के शहरी इलाको में लगभग 100 मिमी बारिश दर्ज की गई। इनमें सैंडहर्स्ट रोड पर 102 मिमी, कोलाबा में 92 मिमी, मालाबार हिल में 97 मिमी और वर्ली में 86 मिमी बारिश हुई।बारिश का जोर शहर की अपेक्षा उपनगर में धीमा रहा उपनगरों के मुलुंड में 35 मिमी, भांडुप में 49 मिमी, कुर्ला में 41 मिमी, कांदिवली में 30 मिमी, दहिसर में 39 मिमी, अंधेरी में 58 मिमी, और गोरेगांव में 51 मिमी दर्ज की गई।मुंबई में पेड़ गिरने की 8 घटना घटी जबकि शार्ट सर्किट की 2 घटनाएं हुई लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

## 263 करोड़ का टीडीएस घोटाला:

# ईडी ने पूर्व आयकर अधिकारी को मुंबई में किया गिरफ्तार, दो और साथी भी दबोचे





**मुंबई:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय पर टैक्स (टीडीएस) घोटाले के सिलसिले में एक पूर्व आयकर अधिकारी और उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनका नाम तानाजी मंडल है और उनके सहयोगियों में भूषण पाटील और राजेश शेट्टी शामिल हैं। यह कुल 263 करोड़ रुपये का घोटाला है। मुंबई की कोर्ट ने तीनों को 10 दिन की ईडी कस्टडी में भेज दिया है। यह वही केस है, जिसमें ईडी ने मॉडल कृति वर्मा से भी पूछताछ की थी। आरोप है कि इतने करोड़ रुपये की धोखाधड़ी को तानाजी मंडल अधिकारी ने भूषण पाटील व कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। तानाजी मंडल कुछ साल पहले मुंबई में इनकम टैक्स इंस्पेक्टर थे। उन्होंने तब अपने वरिष्ठ अधिकारियों से मीठी-मीठी बातें कर किसी तरह उनके लॉग-इन क्रेडेंशियल्स और पासवर्ड का पता लगाया। इसके बाद तानाजी ने उनका इस्तेमाल भूषण पाटील की कंपनी के एक खाते में वास्तविक और फर्जी टीडीएस रिफंड के लिए किया। ईडी ने कुछ महीने पहले महाराष्ट्र और कर्नाटक में कई करोड़ रुपये मूल्य की 32 संपत्तियों को कुर्क किया था।

# गर्दन पर चाकू रख मंदिर के पीछे ले गए...

## बारी-बारी से 8 लोगों ने किया रेप



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के बुलढाणा शहर के पास राजूर घाट पर गुरुवार शाम आठ आरोपियों ने हथियार की नोक पर एक 35 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार किया. दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए. जिसके बाद महिला ने तत्काल इस मामले में मोटाला तालुका के बोराखेड़ी पुलिस स्टेशन में आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. बुलढाणा पुलिस को महिला द्वारा की गई शिकायत के मुताबिक पीड़िता अपने एक अन्य मित्र के साथ दोपहर में राजूर घाट से गुजर रही थी. महिला ने शिकायत में बताया कि जब वो और उसका दोस्त राजूर घाट पर सेल्फी लेने के लिए रुके तो अचानक से कुछ लोग वहां आ गए और बदतमीजी करने लगे. महिला और उसके दोस्तों के विरोध करने पर आरोपियो पीड़िता की गर्दन पर चाकू रख दिया. जिसके बाद आरोपी महिला को घाट स्थित देवी के मंदिर के पीछे घाटी में ले गए. जहां सभी ने महिला के साथ रेप किया. पुलिस में दी गई शिकायत में महिला ने कहा है कि आरोपियों ने पीड़िता के साथ बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया.

पीड़िता और उसका दोस्त राजूर घाट स्थित देवी मंदिर के पास सेल्फी लेने के लिए रुके थे. वहां पर आठ लोगों का ग्रुप था. उन्होंने शिकायतकर्ता के साथ मौजूद महिला के गले पर चाकू रख दिया. आरोपियों ने पहले शिकायतकर्ता से 45 हजार रुपए लूटे, उसके बाद महिला को घसीटकर घाटी में ले गए और बारी-बारी से उसके साथ रेप किया. वहीं मामले की शिकायत मिलते ही पुलिस ने FIR दर्ज कर आरोपियों की तालाश शुरू कर दी है.




## 24 घंटे के अंदर चिंचोटी झरने में डूबने से तीन की मौत

**वसई :** नायगांव में चिंचोटी झरने के पास नदी में डूबने से पिछले 24 घंटों में तीन युवकों की मौत हो गई है, एक युवक गुरुवार दोपहर को डूब गया और दो युवकों की शुक्रवार को डूबने से मौत हो गई। इस वर्ष मानसून में वसई में डूबने की 8 वी घटना है। पर्यटक वसई वीरार के समुद्र तट के साथ-साथ तुंगारेश्वर और चिंचोटी के झरनों पर घूमने आते हैं। बरसात के मौसम में पर्यटक स्थल की जगहें खतरनाक हो जाती हैं और पुलिस ने पहले ही इन जगहों पर प्रतिबंध लगा दिया है। उसके बावजूद प्रतिबंध जगहों को दर किनार करते हुए पर्यटक दिखाई दे रहे है। गुरुवार दोपहर मुंबई के विलेपार्ले में रहने वाला 18 साल का युवक सुमित राधेश्याम यादव अपने 4 दोस्तों के साथ वसई पूर्व के चिंचोटी स्थित झरने पर टहलने आया था।

# दो चीनी नागरिकों सहित चार लोगों के खिलाफ मुंबई में एफआईआर,

### व्यापारी को चीन में बनाया था बंधक...




**मुंबई:** मुंबई पुलिस ने चीनी नागरिकों सहित चार लोगों के खिलाफ पैसे ऐंठने और बंधक बनाने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मुंबई के व्यापारी को चीन के एक होटल में बंधक बना लिया गया था। व्यापारी से पैसे ऐंठने की कोशिश की गई थी। व्यापारी की शिकायत पर दो नागरिकों सहित चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

**यह है पूरा मामला**

पुलिस ने बताया कि व्यापारी मुंबई के कालबा देवी इलाके का रहने वाला है। वह नकली आभूषणों का काम करता है। उसने मामले में शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने दो साथियों के साथ 17 मार्च को चीन के यिवू शहर गया था। इस दौरान वहां उसके पास तीन लोग आए और उन्होंने मुंबई में व्यापारी की दुकान में ही काम करने वाले एक युवक की फोटो दिखाई। तीनों ने व्यापारी से कहा कि इस युवक ने 26 लाख रुपये लिए हैं और जबतक आप यह पैसा नहीं चुकाते, तब तक आपको वापस मुंबई नहीं जाने देंगे। व्यापारी ने आगे बताया कि मैंने अपने कर्मचारी को चीन बुलाया, पैसे वापस करने के लिए भी कहा। इसके बावजूद भी उन्होंने मुझे होटल के एक कमरे में बंधक बना लिया। हालांकि, एक दिन मौका पाकर व्यापारी वहां से भाग निकला। पुलिस का कहना है कि मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। चूंकि, इसकी योजना मुंबई में बनाई गई, इसलिए एलटी रोड पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## पुलिस ने 7 चोरों को गिरफ्तार कर चोरी के 14 मामलों का किया खुलासा



**वसई :** पेल्हार पुलिस स्टेशन की अपराध जांच शाखा की टीम ने दोपहिया वाहन चोरी,जबरन चोरी व सेंधमारी करने वाले 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है,इनके पास से लाखों रुपये का माल जप्त करके 14 अपराधों का खुलासा किया है। यह कार्रवाई पेल्हार पुलिस स्टेशन के सीनियर पी.आई वसंत लब्दे व क्राइम पी.आई महेंद्र शेलार के नेतृत्व में पीएसआई सनिल पाटिल की टीम ने की है। पुलिस ने बताया कि 8 जून व 10 जुलाई 2023 को पेल्हार पुलिस स्टेशन अंतर्गत उमर कम्पाउंड, सोपाराफाटा और नवजिवन, शांतीनगर, नालासोपारा पूर्व नवजिवन,शांतीनगर,नालासोपारा पूर्व स्थित चोरी की घटना हुई थी,जिसमे शिकायतकर्ता (लक्ष्मण लाडक्या बामणे,राकेश लालचंद शर्मा व राजु लालचंद जैस्वाल ) की शिकायत पर अज्ञात चोर के ऊपर कलम 380 के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने बताया कि,अपराध स्थल पर सीसीटीवी और गुप्त मुखबिर के माध्यम से उपरोक्त अपराध के संबंध में अपराध जांच शाखा के अधिकारी व कर्मचारियों को प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपी (1).आलोक जिलाजित गिरी (2).विनायक जनता गुप्ता (3). सुधाकर राकेश सिंह (4). रहिम अलीम शहा (5).शफी अहमद अब्दुल रज्जाक शहा (6). निरज धूप शर्मा ऊर्फ खेकडा और (7) रामअचल काशिराम प्रजापती को गिरफ्तार किया है।

## चोरी के ऑटो को गिरवी रखकर मनी ट्रांसफर वालों से करता था ठगी, मीरा रोड से आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई:** मुंबई की एमएचबी पुलिस ने नवी आलम उस्मान खान नामक आरोपी को ठगी के केस में मीरा रोड से गिरफ्तार किया है। नवी आलम ने 12 जून को एक ऑटो चुराई थी, जो चेंबूर में एक मनी ट्रांसफर दुकान वाले के सामने खड़ी मिली।

आरोपी ने अपनी पत्नी के नंबर पर 10 हजार रुपए ट्रांसफर कराए थे। जांच करने पर पता चला कि



उक्त नंबर कन्नौज का है लेकिन नंबर का ज्यादातर लोकेशन सूरत का मिला। सूरत पहुंचने पर पुलिस को किसी से पता चला कि आरोपी मीरा रोड में है। वहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर मुंबई में ऑटो और मोबाइल चोरी के सात मामले दर्ज हैं। चुराए गए ऑटो को आरोपी डिपॉजिट रखकर मनी ट्रांसफर वालों से अकाउंट में रकम ट्रांसफर करवा लेता था और बाद में रुपए भूलने का बहाना बताकर ऑटो वही छोड़ देता था।

## कबाड़ी मैनहोल का ढक्कन खरीदता है... तो कार्रवाई!

**मुंबई:** मैनहोल सुरक्षा के संबंध में उपाय योजना करने के लिए मनपा ने सख्त कदम उठाए हैं। इसके तहत यदि कोई कबाड़ी मैनहोल का ढक्कन खरीदता है, तो उसके खिलाफ फौजदारी के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसमें यह भी चेतावनी दी गई है कि भारतीय दंड संहिता की धारा ४११, ४१२, ४१३ और ४१४ के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही मनपा ने अपील की है कि यदि मनपा कर्मचारी के अलावा



कोई अन्य व्यक्ति मैनहोल का ढक्कन खोलते हुए दिखाई देता है तो बिना देर किए नागरिक मनपा से संपर्क करें। मुंबई में वर्षा जल निकासी विभाग और मलनिस्सारण विभाग के लगभग एक लाख मैनहोल हैं। इनमें से हजारों मैनहोल में अभी भी सुरक्षा जाली नहीं है। इस वजह से इन स्थानों पर दुर्घटनाएं होने की संभावना अधिक रहती है। कई बार यह भी जानकारी सामने आई है कि असामाजिक तत्वों द्वारा मैनहोल के ढक्कन चोरी किए जाते हैं। इससे दुर्घटना का भय बना रहता है। इसलिए मुंबई हाईकोर्ट ने मनपा को खुले मैनहोल को बंद करने का निर्देश दिया है। इस पृष्ठभूमि में मैनहोल पर सुरक्षात्मक जाली लगाने के लिए एक कार्ययोजना तैयार की गई है।

### मोबाइल चोरी के कई मामलों का खुलासा...

## बोरीवली आरपीएफ ने दो मोबाइल चोरों को पकड़कर किया

**मुंबई :** आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल ) ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है। दरअसल,आरपीएफ बोरीवली व नालासोपारा द्वारा मोबाइल चोरी की 4 गुत्थी सुलझाने में कामयाबी पाई है। इस मामले में दो शातिर चोर पकड़े व उन्हें जीआरपी ( बोरीवली व वसई ) के हवाले किया है मिली जानकारी के अनुसार,अलगअलग दिनांक को कांदीवली स्टेशन पर 3 मोबाईल ( 45,884 ) चोरी की घटना हुई थी,सभी मामले जीआरपी बोरीवली में दर्ज किया गया था। उपरोक्त मामला संज्ञान में आया तो आरपीएफ/बोरीवली की सी.पी.डी.एस टीम ने उक्त चोरी के मामलों के फुटेज की जांच की और सभी फुटेज में एक ही संदिग्ध की पहचान की,बाद में सी.पी.डी. एस टीम को कांदीवली स्टेशन से सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा करने का निर्देश दिया। जिसके बाद को संदिग्ध व्यक्ति को बताया गया। इसी







के आधार पर सीपीडीएस टीम सी. टी रवि बर्मन,सी.टी हरिशंकर,सी. टी रवि कुंतल,सी.टी कमलेश स्वामी और विनोद कुमार ने कांदीवली स्टेशन से शख्स को पकड़ा और उसे चौकी पर लाया गया। जहां उसने अपना नाम बासु भीमराव गोपांडे,उम्र 26 वर्ष निवासी- दामोनगर कांदिवली पूर्व बताया और चोरी की वारदातों का गुनाह कबूल कर लिया। उपरोक्त सभी मामलों में जीआरपी बोरीवली के 3 चोरी मामलों के सीसीटीवी फुटेज में शामिल पाया,जिसे जीआरपी बोरीवली को सौप दिया गया। दूसरी घटना ; 26 मई को नालासोपारा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं 1 पर मोबाइल चोरी की घटना घटी थी, आरपीएफ सी.पी. डी.एस टीम नालासोपारा द्वारा लगातार निगरानी की गई,परिणाम 13 जुलाई को एस. आई.पी.एफ सुभाष चंद्र यादव,सी. टी करिश्मा सैनी,सी.टी संदीप कुमार और ड्यूटी स्टाफ सी.टी सरजीत सिंह और सीटी अर्जुन लाल द्वारा नालासोपारा स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर 2 से एक संदिग्ध को पकड़ा,एसआईपीएफ सुभाष चंद्र यादव द्वारा उससे पूछताछ की गई, जहां उसने अपना नाम- विजय प्रसाद कावले,उम्र 28 वर्ष निवासी- साईं नाथ नगर विरार पूर्व बताया व मोबाइल (9000) चोरी का जुर्म कबूल कर लिया।आगे की कार्रवाई के लिए उसे जीआरपी वसई के हवाले कर दिया है।




# ठाणे में फ्लैट की छत गिरने से में दो महिलाओं की मौत, चार घायल



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में शुक्रवार को एक फ्लैट की छत का हिस्सा गिरने से 46 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और उसकी चार बेटियां घायल हो गई, वहीं एक अन्य घटना में कंक्रीट का छज्जा गिरने से एक महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहली घटना उत्तान कस्बे के पाटन बंदर इलाके में आवासीय इमारत में तड़के चार बजकर करीब 15 मिनट पर हुई जब दूसरी घटना शुक्रवार को दोपहर में भिवंडी में हुई। जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के एक अधिकारी ने बताया, फ्लैट की छत का एक हिस्सा गिरने से सुनीता बोर्जेस नामक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 से 25 साल उम्र की उसकी चार बेटियां घायल हो गईं। अधिकारी ने बताया कि मीरा भयंदर नगर निगम (एमबीएमसी) के दमकल कर्मियों ने मलबा हटाया और घायलों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी के मुताबिक स्थानीय पुलिस और नगर निकाय के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भिवंडी की घटना में 55 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया, इमारत की खिड़की का छज्जा गिर गया जिससे उसके नीचे खड़ी महिला की जान चली गई। यह घटना दोपहर एक बजकर करीब 20 मिनट पर भिवंडी के खादीपुर में हुई। उन्होंने बताया कि मृतका की पहचान शहनाज जहीर अंसारी के तौर पर की गई है और उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए इंदिरा गांधी अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# रानीबाग चिड़ियाघर में मौजूद पैंग्विन अब हैदराबाद के चिड़ियाघर की शोभा बढ़ाएगा...



**मुंबई :** मनपा के भायखला स्थित रानीबाग चिड़ियाघर में मौजूद पैंग्विन अब हैदराबाद के चिड़ियाघर की शोभा बढ़ाएगा। रानी बाग प्रशासन की तरफ से बताया गया है कि यहां मौजूद १५ पेंग्विन में से एक जोड़ा हैदराबाद में भेजा जाएगा। साथ ही बदले में मगरमच्छ और कछुए जैसे प्राणी मुंबई को दिए जाएंगे।

मनपा का भायखला स्थित रानीबाग विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इस जगह पर हर दिन हजारों पर्यटक आते हैं। रानीबाग में साल २०१७ में पेंग्विन के आने के बाद से पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। यहां रोजाना १५ से २० हजार रुपए की दैनिक आय अब बढ़कर एक लाख से छह लाख रुपए तक हो गई है। रानीबाग में आनेवाले पर्यटकों की संख्या हर दिन ५ से ६ हजार के करीब होती है। इसी तरह सप्ताह के अंत में और छुट्टियों पर यह संख्या २८ हजार तक पहुंच जाती है। कुल मिलाकर पेंग्विन के आने के बाद पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ ही आय भी कई गुना अधिक हो गई है। बच्चे २५ रुपए में, वयस्क ५० रुपए में और दो वयस्कों सहित चार लोगों का परिवार १०० रुपए में पूरे रानी बाग को देख सकता है। इसमें पेंग्विन के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं है। रानी बाग में बाघ, तेंदुआ, हाथी, हिरण, बंदर, भालू, सरीसृप समेत सैकड़ों पशु-पक्षी और दुर्लभ औषधीय पौधे देखे जा सकते हैं। यहां २६ जुलाई २०१६ को कोरिया से हम्बोल्ट प्रजाति के आठ पेंग्विन लाए गए। इसमें तीन नर और पांच मादा पेंग्विन शामिल थे। फिलहाल, अब इनकी संख्या बढ़कर १५ हो गई है। पेंग्विन ने पूरे रानी बाग की शोभा को चार चांद लगा दिए हैं। इन पेंग्विन में से एक जोड़ी हैदराबाद में भेजी जाएगी।

# मध्य रेलवे पर तकनीकी विफलता की दर ३२.१३ प्रतिशत...



**मुंबई :** मध्य रेलवे की लोकल और एक्सप्रेस सेवाएं तकनीकी खराबी के कारण बाधित होती हैं इसलिए यात्रियों की यात्रा समय से नहीं हो पाती है। हालांकि, पिछले साल अप्रैल से जून महीने की तुलना में इस साल सिग्नल सिस्टम, रेलवे इंजन में खराबी और रेलवे ट्रैक के चटकने की दर में मात्र २७.५४ फीसदी की कमी आई है। चूंकि मध्य रेलवे पांच मंडलों में बंटा हुआ है। इसके मुंबई, भुसावल, नागपुर, पुणे, सोलापुर पांचों मंडलों में १ अप्रैल से १२ जून २०२२ तक लगातार ब्रेकडाउन हुआ, इसलिए तकनीकी ब्रेकडाउन दर ५९.६७ प्रतिशत थी। इस वर्ष तकनीकी विफलता की दर में पिछले वर्ष से ज्यादा फर्क नहीं आया है। वर्तमान में मध्य रेलवे पर तकनीकी विफलता की दर ३२.१३ प्रतिशत है। इस साल अप्रैल से जून के बीच ७४ लोको ब्रेकडाउन हुए। स्थानीय इकाइयों में ३३ डिफेक्ट के मामले सामने आए। इस साल रेलवे ट्रैक टूटने के १४५ मामले सामने आए हैं।

इसके अलावा सिग्नल फेल होने के १२४ मामले आए हैं। रेलवे के समयपालन की कमी के कारण सेंट्रल रेलवे की १ अप्रैल से १२ जून तक ३७ हजार ४० मेल-एक्सप्रेस चली हैं, वहीं प्रतिदिन १,८१० लोकल सेवाएं चली हैं। अप्रैल से जून २०२३ के दौरान मध्य रेलवे पर मेल-एक्सप्रेस की समयपालनता ८५ प्रतिशत और स्थानीय समयपालनता ९५ प्रतिशत है। आपातकालीन चेन पुलिंग व अन्य समस्याएं मेल-एक्सप्रेस के देरी से चलने की वजह होती है। इसके अलावा यात्रियों द्वारा रेलवे ट्रैक पार करने की घटनाएं, रेलवे ट्रैक पर आत्महत्याएं, खराब मौसम, रेलवे रूट पर फाटकों का बार-बार खुलना और ट्रेन में मरीजों के इलाज के लिए डॉक्टरों को बुलाए जाने की घटनाएं ट्रेनों में देरी का कारण बनती हैं।

# नई मुंबई में खिलाड़ियों के लिए कोई सुविधाएं नहीं!



**नई मुंबई :** नई मुंबई के शिल्पकार होने का दावा करने वाली सिडको, नई मुंबई की प्रशासनिक इकाई नई मुंबई महानगरपालिका या फिर नई मुंबई की दशा-दिशा बदलने के लिए मर-मिटने का दावा करने वाले अवसरवादी नेताओं का झुंड, सभी नई मुंबईकरों को समुचित रूप से विकसित खेल का मैदान देने में या तो नाकामयाब रहे या फिर उन्हें इस बात का कोई लेना-देना ही नहीं है। यहां के खेल मैदानों के साथ खेला हो गया है।

दरअसल, जब नई मुंबई का विकास हो रहा था, तब इस बात को अनदेखा किया गया होगा कि सात नोड में बसने जा रही इस नगरी में खेल मैदान समुचित अनुपात में बनाए जाएंगे। लेकिन इस विषय को गंभीरता से नहीं लिया गया। वरना ऐसा क्यों है कि कई नोड में काफी खूबसूरत खेल मैदान हैं और कुछ नोड मैदान के लिए तरस रहे हैं।

गौर करने वाली बात ये है कि नई मुंबई महानगरपालिका ने सिड़को से १५५ भूखंडों की मांग की थी। इनमें से पिछले ३० वर्षों में महानगरपालिका को सिर्फ ६९ भूखंड ही मिले हैं। ६९ भूखंडों में से ५० भूखंडों पर ही मैदान बनाए गए हैं। यदि स्पोर्ट्स ग्राउंड की बात की जाए तो यहां पर यशवंतराव चव्हाण ग्राउंड और राजीव गांधी स्टेडियम के अलावा कोई और सुनियोजित खेल मैदान नहीं है।

खेल मैदानों के विकसित न हो पाने की एक वजह शिवसेना (बालासाहेब उद्धव ठाकरे) पक्ष के जिलाध्यक्ष विट्ठल मोरे बताते हैं कि शैक्षणिक संस्थाओं की दादागीरी और उनकी उदासीनता है। जब सिडको ने नई मुंबई में शैक्षणिक संस्थाओं को भूखंड आवंटित किए, तब एक शर्त रखी गई थी कि स्कूल प्लेग्राउंड भी विकसित करेंगे और उस प्लेग्राउंड का इस्तेमाल स्कूल के अलावा स्थानीय लोग भी कर पाएंगे। ऐसे कई स्कूल हैं, जिन्होंने प्लेग्राउंड तो बनाए लेकिन उसे अपनी बपौती मान बैठे। मोरे बताते हैं कि किस तरह उन्होंने वाशी के सैक्रेड हार्ट स्कूल के प्लेग्राउंड का ताला तोड़कर स्थानीय बच्चों को वहां खेलने की अनुमति दिलाई। दूसरी ओर पत्रकार केसर सिंह बिष्ट सीधे-सीधे आरोप लगाते हैं कि भूखंड आवंटन में लूप होल निकालकर बिल्डरों को देने में ज्यादा रुचि रखता है। सिडको यानी सिडको के अधिकारी के लिए फायदे का सौदा होता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, घणसोली का वह भूखंड जो मैदान के लिए आरक्षित था और सिडको ने उसे बेचने के लिए टेंडर निकाल दिया।

# 11वीं के ऑनलाइन एडमिशन का समय हुआ समाप्त, सिर्फ 20,634 छात्रों ने ही प्रवेश लिया




**मुंबई :** ११वीं ऑनलाइन अंतिम मेरिट सूची के अनुसार, एडमिशन लेने की समय-सीमा शुक्रवार को समाप्त हो गई। इस सूची में ५७,१४७ छात्रों को एडमिशन का मौका दिया गया, जिसमें से २०,६३४ छात्रों ने एडमिशन ले लिया है। हालांकि यह नियमित एडमिशन का आखिरी मौका है, फिर भी १० छात्रों ने प्रवेश लेने से इनकार कर दिया है। साथ ही ८३ ने अपना प्रवेश रद्द कर दिया है। प्रवेश न लेनेवाले छात्रों की संख्या ३६,५१३ है। तीसरी मेरिट लिस्ट में दाखिले के लिए १,४४,१८६ छात्रों ने आवेदन किया था। इनमें से ५७,१४७ छात्रों को कॉलेज आवंटित कर दिए गए। इनमें से २०,६३४ छात्रों ने ही प्रवेश लिया है। इस सूची में १६,९७९ छात्रों को पहली पसंद का कॉलेज आवंटित किया गया।



# गाय के दूध की न्यूनतम कीमत 34 रुपए प्रति लीटर...

## डेयरी विकास मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने दी जानकारी

**मुंबई** : दुग्ध विकास मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने कहा कि दूध उत्पादक किसानों को आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़े और उन्हें दूध का न्यूनतम दाम मिले, इस उद्देश्य से सरकार ने गाय के दूध का न्यूनतम मूल्य 34 रुपए प्रति लीटर तय किया है। अभी हाल ही में राज्य में दूध की कीमत के मुद्दे पर पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल की अध्यक्षता में विभिन्न दूध उत्पादक किसान संगठन और पशु खाद्य उत्पादन करने वाले प्रतिनिधियों की बैठक हुई थी। सरकार ने किसानों को उनके दूध का उचित मूल्य दिलाने के लिए सहकारी और निजी दुग्ध संघों की परिचालन लागत के साथ-साथ दूध उत्पादकों



की उत्पादन लागत को ध्यान में रखते हुए दूध की कीमत निर्धारित करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था। इस समिति में किसान. सहकारी एवं निजी डेयरी क्षेत्र के प्रमुख प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। इस समिति द्वारा सरकार को की गई अनुशंसा के अनुसार राज्य में गाय के दूध की न्यूनतम खरीद दर की अनुशंसा की थी। मंत्री ने कहा कि दूध का सही दाम दिलाने के अलावा समिति को देश के स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों की समीक्षा करनी चाहिए और हर 3 महीने में दूध का न्यूनतम खरीद मूल्य तय करने के बारे में सरकार को सिफारिश करनी चाहिए।

अभी हाल ही में सरकार ने राज्य में दूध की दर निर्धारित करने के लिए समिति गठित की है। दुग्ध व्यवसाय विकास आयुक्त को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हर तीन माह में इस समिति की बैठक होगी। समिति की तरफ से तय दरों में किसी भी प्रकार की कटौती नहीं की जा सकेगी। राज्य में दूध संकलन का काम निजी और सहकारी दुग्ध संघों की तरफ से किया जाता है। दूध उत्पादन कम होने पर किसानों को दूध के अच्छे दाम मिलते हैं, लेकिन उत्पादन बढ़ने पर कम भाव मिलता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए निजी और सहकारी दूध संघ की ऑपरेटिंग कॉस्ट सहित दूध उत्पादक किसानों के उत्पादन खर्च पर विचार करते हुए किसानों को दूध का न्यूनतम भाव प्रदान करने के लिए दूध की दरों को निर्धारित करने के लिए समिति गठित की गई।

# कंटेनर की एक अन्य ट्रक से टक्कर में चालक की मौत!




**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे शहर में शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में एक कंटेनर ट्रक के चालक की मौत हो गई। एक निकाय अधिकारी ने बताया कि यह हादसा देर रात सवा दो बजे घोडबंदर रोड पर पाटलीपाड़ा में हुआ, जब कंटेनर ने पीछे से एक अन्य कंटेनर को टक्कर मार दी। ठाणे महानगरपालिका के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा, ''कंटेनर राजस्थान से रायगढ़ जिले के न्हावा शेवा तक 10 टन कपड़े लेकर जा रहा था, तभी उसकी आगे चल रहे एक अन्य कंटेनर से टक्कर हो गई, जो गुजरात से न्हावा शेवा तक 18 टन सौर पैनल लेकर जा रहा था।

इस भिडंत के कारण राजस्थान से आ रहे कंटेनर के चालक की मौत हो गई।'' तड़वी ने बताया कि मृतक चालक माजिद खान की उम्र 40 वर्ष थी। उसका शव पोस्टमार्टम के लिए एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारी के मुताबिक, इस दुर्घटना के कारण व्यस्त राजमार्ग पर यातायात दो घंटे तक बाधित रहा।

# शरद पवार की पत्नी की ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में हुई सर्जरी,

### मिलने पहुंचे डिप्टी CM अजित पवार



**मुंबई:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार की पत्नी प्रतिभा पवार की शुक्रवार को दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में सर्जरी की गई है। पार्टी के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी दिए बताया कि प्रतिभा पवार की सर्जरी हाथ से संबंधित है। प्रतिभा पवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनसे मिलने के लिए उपमुख्यमंत्री अजित पवार, राकांपा सुप्रीमो शरद पवार के आधिकारिक आवास 'सिल्वर ओक' गए थे।

अपने चाचा के खिलाफ बगावत करने के बाद अजित पवार पहली बार सिल्वर ओक गए। अजित पवार राकांपा में बगावत करने के बाद दो जुलाई को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो गए थे। अजित पवार अपनी चाची प्रतिभा के करीबी माने जाते हैं। साल 2019 में प्रतिभा पवार ने ही कथित तौर पर उन्हें राकांपा में वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जब अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा चुनाव के बाद अल्पकालिक सरकार बनाई थी। राकांपा नेताओं के बीच वह 'काकी' के नाम से मशहूर हैं। प्रतिभा पवार को पार्टी में अभिभावक के रूप में सम्मान दिया जाता है, लेकिन वह कभी भी राजनीति में सक्रिय नहीं रही हैं।

# महाराष्ट्र राज्य दूसरे स्थान से सातवें स्थान पर

**मुंबई** : महाराष्ट्र में मौजूदा समय में स्कूल प्रबंधन की गुणवत्ता गिरती जा रही है। यह महाराष्ट्र की गुणवत्ता शिक्षा परंपरा के लिए अपमानजनक है। इस तरह का तंज राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने कसा है। उन्होंने आगे कहा है कि शैक्षणिक वर्ष २०२१-२२ के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स २.० (पीजीआई) रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य दूसरे स्थान से सीधे सातवें स्थान पर आ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र शैक्षणिक विकास की दृष्टि से यह अत्यंत चिंता का विषय है।सक्षम शिक्षा प्रणाली से समाज में सुधार होता है। महाराष्ट्र में कर्मवीर भाऊराव पाटील जैसे कई शिक्षाविदों ने इस सिद्धांत को पहचाना और एक कुशल स्कूल प्रणाली के निर्माण को प्राथमिकता दी। हालांकि, गिरते शैक्षिक स्तर



में सुधार के लिए समय रहते उपाय किए जाने चाहिए। इन सभी मामलों पर विचार करते हुए राज्य सरकार और स्कूल शिक्षा मंत्री को गंभीरता से सोचना चाहिए। इसके लिए जल्द से जल्द सभी संबंधित लोगों की बैठक बुलाकर आवश्यक कार्यक्रम तैयार करना चाहिए। इस तरह का सुझाव पवार ने दिया। शरद पवार ने कहा कि यशवंतराव चव्हाण सेंटर के शिक्षा विभाग ने बीते साल 'दो शिक्षक स्कूलों का सशक्तीकरण' नामक विषय पर एक दिवसीय परिषद का आयोजन करते हुए कुछ टिप्पणियां दर्ज की थीं। राज्य में जिला परिषद के करीब ३८ हजार दो शिक्षकवाले स्कूल हैं। उन्होंने कहा कि ये मुख्य रूप से वाड़ियों-बस्तियों में स्थित हैं। फिलहाल, यहां छात्रों की संख्या कम है इसलिए समय-समय पर इन्हें बंद करने की चर्चा होती रहती है। सरकार के लिए इस पर गंभीरता से कार्रवाई करना बहुत जरूरी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित जिन मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया गया है, उसमें शैक्षणिक उपलब्धि व गुणवत्ता, बुनियादी ढांचे, बदलती शैक्षिक प्रक्रिया आदि मुद्दों का समावेश है। लेकिन केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसा नहीं दिख रहा है कि इन अहम बातों को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। ऐसे में राज्य शिक्षा की गुणवत्ता में बहुत पीछे रह गया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

# वर्ली में सात मंजिला इमारत में लगी आग कोई हताहत नहीं



**मुंबई** : वर्ली के शिवनेरी मार्ग स्थित शिवतेज नामक सात मंजिला इमारत की तीसरी मंजिल पर शुक्रवार दोपहर करीब 12.40 बजे एक कमरे में आग लग गई। आग की जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़िया तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। दमकल जवानों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया जिससे इस आएग की घटना के कोई हताहत नहीं हुआ। मिली जानकारी के अनुसार वर्ली स्थित शिवनेरी मार्ग पर सात मंजिला शिवतेज इमारत है। इमारत के तीसरे मंजिले पर एक कमरे में आग लगने की घटना घटी। प्रारंभिक अनुमान है कि आग कमरे में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। दमकल विभाग को आग की सूचना मिलते ही दमकल विंभाग की चार गाड़िया घटना स्थल पर पहुंच गई।




# मटमैले पानी से निजात पाने महापौर आयुक्त ने की जलसंसाधन के कार्यपालन अभियंता से चर्चा



**रायगढ़।** महापौर जानकी काट्जू एवं निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी तथा सहा कलेक्टर युवराज मरमट ने मटमैले पीने के पानी की शिकायतो को संज्ञान में लेकर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता प्रकाश राव फुलेकर एवं निगम के जल प्रभारी संजय चौहान के साथ गहन चर्चा की। विगत दिनों बारिश की झड़ी हुई जिसकी वजह से नदी का पानी मटमैला हो गया,नदी से पानी फिल्टर होकर शहर के वार्डो में अमृत मिशन विस्तार पाइप के द्वारा घरों में जाता है जिसे शहरवासी भोजन और पीने के उपयोग में लाते है किंतु वर्तमान में पानी इतना मटमैला हो गया कि लोग उसे उपयोग नही कर पा रहे है,लगातार महापौर एवं आयुक्त के पास वार्ड पार्षदों तथा वार्डवासियों की शिकायतें आई जिसे संज्ञान में लेकर महापौर कक्ष में महापौर श्रीमती जानकी काट्जू के उपस्थिति में आयुक्त एवम सहा कलेक्टर ने निगम के जल प्रभारी संजय चौहान,पार्षद श्रीमती रंजना पटेल, शाखा यादव तथा निगम के विभागीय अधिकारियों ने जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियन्ता प्रकाश राव फुलेकर,अमृत मिशन के मुकुंद सिंग से चर्चा किया।चर्चा दौरान डेम का गेट खोल दिया जाना ताकि बहाव पानी के साथ गंदगी निकल जाये,वही गोवर्धनपुर में स्थित एम एल डी प्लांट में पम्प स्थापित करना भी उपयुक्त बताया गया। गहन चर्चा उपरांत पुनः संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण करने की योजना बनाई गई ताकि जल्द से जल्द शहरवासियों को शुद्ध पानी मिल सके।

# जेसीआई रायगढ़ सिटी नें किया घड़ी चौक स्थित गार्डन का सौन्दर्यीकरण




**रायगढ़।** नगर पालिक निगम की अनुमति से जेसिआई रायगढ़ सिटी ने रायगढ़ शहर के मध्य में घडी चौक में स्थित गार्डेन के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया जिसें बहोत ही भव्यरुप से सुन्दरता के साथ लाइटिंग एवं ग्रिनरी का विशेष ध्यान रखते हुए और पूरी दुनिया में अहिंसा के लिए विख्यात हुए द मैन बिहाइंड द व्हील महात्मा गांधी , जो चरखे को अहिंसा की निशानी मानते थे और यह आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता का प्रतीक है, यही से प्रेरित होकर जेसीआई रायगढ़ सिटी नें चरखा को गार्डन के मध्य में रखा है एवं सत्यमेव जयते जो भारत का राष्ट्रीय आदर्श वाक्य है वहा लिखवाया। गार्डन के उद्घाटन 7 जुलाई को नगर पालिक निगम की महापौर महोदया श्रीमती जानकी काट्जू, निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी जी पुर्व सभापति सलीम नियारिया, एम आई सी सदस्य ठेठवार, शाखा यादव, अग्रसेन सेवा संघ के पुर्व अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, जेसीआई के अध्यक्ष सीए नितेश अग्रवाल , पूर्व अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, सचिव मुकेश केडिया, पास्ट प्रेसिडेंट गैलेक्सी व अन्य साथियों के उपस्थिति मे सम्पन हुआ। जिसमें सभी अतिथियो ने जेसिआई रायगढ़ सिटी के कार्यो की भूरि भूरि प्रशंशा की।

# ग्राम पंचायत घरघोड़ी के ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट, दिया ज्ञापन

## राशन दुकानदार पर लगाया धांधली का आरोप



**रायगढ़।** घरघोड़ा तहसील कार्यालय के ग्राम पंचायत घरघोड़ी के ग्रामीण आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर से मिल कर राशन दुकानदार के खिलाफ धांधली का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकान से मिलने वाले राशन में दुकानदार धांधली कर रहा है और ग्रामीणों को राशन नहीं दे रहा है कभी 2 महीना तो कभी 3 महीने में एक बार राशन देता है वह भी आधा अधूरा और केवाईसी के नाम पर भोले-भाले ग्रामीणों से 50 प्रति व्यक्ति के हिसाब से ले रहा हैजबकि मना करने पर राशन नहीं देने की धमकी भी देता है जबकि शासन की योजना के तहत केवाईसी का कोई पैसा नहीं लगता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कुछ ग्रामीण जो केवाईसी कराएं हैं उनका भी राशन उठा कर खा गया है और सप्ताह में एक या दो दिन ही राशन दुकान खोलता है क्योंकि उसके पास दो से तीन दुकानें और है हम लोग ने घरघोड़ा एसडीएम के अलावा अन्य कई जगहों पर भी कई बार शिकायतें की है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ आज हम लोग थक हारकर कलेक्टर साहब के पास आए हैं अब हम लोगों को उन्हीं से उम्मीद है कि ऐसे दुकानदार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए हम लोगों को हर महीने राशन मुहैया कराएं।

# एसईसीएल ने लांच किया सीएसआर एप

## सीएसआर गतिविधियों की जानकारी आम लोग भी जान सकेंगे, एसईसीएल बोर्ड की बैठक में हुआ एप का शुभारंभ

**रायगढ़।** एसईसीएल द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत किये जाने वाले समाज कल्याण के विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन एवं उन्हें आम लोगों तक पहुंचाने के लिए एसईसीएल द्वारा सीएसआर एप लांच कर दिया गया है। सीएसआर एप का इस्तेमाल एसईसीएल वेबसाइट (www.secl-cil.in) लिंक के जरिये किया जा सकेगा। 14 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित एसईसीएल बोर्ड की 338वीं बैठक में अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक एवं चेयरमैन सीएसआर कमेटी, गजानन देवराव आसोले, द्वारा एसईसीएल सीएसआर एप को लांच किया है। इस सीएसआर एप के लांच होने से डिजिटलीकरण के माध्यम कंपनी के सीएसआर प्रयासों में और अधिक निष्पक्षता एवं पारदर्शिता आएगी। सीएसआर एप को मोबाइल, लैपटॉप, या डिजिटल डिवाइस पर आसानी से लॉगिन कर एसईसीएल द्वारा की गयी सभी गतिविधियों को एक यूजर-फ्रेंडली इंटरफेस के जरिये देखा जा सकेगा। एप के माध्यम से लोग एसईसीएल द्वारा सीएसआर गतिविधियों पर किए गए सालाना खर्च की रिपोर्ट, कुल कितनी गतिविधियां की गयी, गत-वर्ष के परफॉर्मेंस, गतिविधियों के फोटो-विडियो आदि से जुड़ी जानकारी हासिल कर सकेंगे। एप में सुझाव एवं फीडबैक देने की सुविधा भी प्रदान की गई है।

# एनटीपीसी लारा में आगजनी पर किया गया मॉक ड्रिल



**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में 14 जुलाई को आगजनी की परिस्थिति में वचव एवं सुरक्षा के ऊपर मॉक ड्रिल का जीवंत प्रदर्शन किया गया। आगजनी एक दुर्घटना है जो की कहीं भी कभी भी घटित हो सकता है। जिससे जान माल का नुकसान होती है। एनटीपीसी जैसी बड़ी विद्युत परियोजना में विद्युत उत्पादन के लिए करोडो रुपये का साजो सामान लगाया गया है। अगर कभी भी बड़ी आग दुर्घटना घटित होता है तो उस परिस्थिति से निपटने ते हुए कैसे जान माल का बचाव करना है उसकी जीवंत प्रदर्शन किया गया। ताकि दुर्घटना की परिस्थिति से निपटने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा सकें। इस अवसर पर छतीसगढ़ शासन अग्निशामन विभाग के निगरानी करने के लिए प्रमोद जोशी, फायर मेन, विपिन क्षालक्षों, एवं विपिन चतुवेर्दी, सब इंस्पेक्टर अग्निशामन विभाग से पार्यवेक्षक रूप से पूरी व्यवस्था की निगरानी की। इस अवसर पर एनटीपीसी लारा के कार्यकारी निदेशक दिवाकर कौशिक, अखिलेश सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजीव रंजन, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), समरेन्द्र कुमार रॉय, महाप्रबंधक(प्रचालन), रवी शंकर, महाप्रबंधक (परियोजना), सुरक्षा विभाग के अपर महाप्रबंधक श्री रंजन कुमार एवं कर्मचारी उपस्थित रहते हुए आगजनी की स्थिति में खुद की सुरक्षा करते हुए आग से निपटने की तौर तरीके को समझा।

# 21 को होगा राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक

## नगर निगम परिसर में खोला गया पंजीयन केंद्र

## 16 प्रकार के खेलों में कुश्ती व रस्सीकूद भी शामिल



**रायगढ़।** राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की तैयारियों को लेकर नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी,सहायक कलेक्टर युवराज मरमट की उपस्थिति में ब्यायाम शिक्षक द्वारा नगर निगम आडिटोरियम में राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया,कमिश्नर ने बताया कि खिलाडियों का पंजीयन मितान क्लब के पदाधिकारियो के अलावा नगर पालिक निगम में भी पंजीयन केंद्र खोला गया।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विगत वर्ष की भांति छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने, उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खेल भावना का विकास करने हेतु छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 का आयोजन आगामी 21 जुलाई को क्लब स्तर पर किया जाना है जिसकी तैयारी को लेकर आयुक्त श्री चंद्रवंशी ने बैठक ली साथ ही ब्यायाम शिक्षकों द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों हेतु प्रशिक्षण दिया गया। वही 17 जुलाई को पुनः नगर निगम आडिटोरियम पंजरी प्लांट में बैठक आहूत की गई है।

# पुलिस की नाकेबंदी देख पिकअप में भरे मवेशी छोड़ भागे पशु तस्कर

## रैरूमा पुलिस मवेशियों को मुक्त कराकर की आरोपियों पर पशुक्रूरता की कार्रवाई




**रायगढ़।** बीती रात चैकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उपनिरीक्षक मान कुंवर सिदार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की पिकअप वाहन में पशु तस्कर कृषक मवेशियों को पिकअप में ठूंस-ठूंस कर भरकर बूचड़खाने ले जाया जा रहा है। पुलिस ने छापामार कार्रवाई में 14 नग मवेशी बरामद किया है।

चैकी प्रभारी द्वारा हमराह आरक्षक बीरबल टोप्पो और प्रीतम तिर्की को साथ लेकर कार्यवाही के लिए बाकारूमा बैरियर के पास नाकेबंदी किया गया, रात्रि करीब 2:30 बजे पुलिस की नाकेबंदी को देखकर बेरियर से कुछ दूरी पहले पिकअप का चालक वाहन को खड़ी कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। चैकी प्रभारी द्वारा पीकअप वाहन के अंदर बगैर दाना पानी क्रूरतापूर्वक रखे 14 नग मवेशियों के लिये चारा पानी की व्यवस्था के लिए गौठान में रखवाने की व्यवस्था किया गया तथा वाहन क्रमांक सीजी 13 1747 के चालक पर छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,10 के तहत पशुक्रूरता का अपराध पंजीबद्ध कर- आरटीओ से वाहन मालिक के संबंध में जानकारी लिया जा रहा है।




प्रियंका के ग्वालियर दौरे को लेकर कमलनाथ पर तंज

# मंत्री कमल पटेल बोले-पीसीसी चीफ को हार दिख रही; प्रोग्राम के खर्च से बचने दुबई गए



**भोपाल।** ग्वालियर में 22 जुलाई को प्रियंका गांधी के दौरे को लेकर बीजेपी ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पर तंज कसा है। कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा, %ग्वालियर के कार्यक्रम में पैसे खर्च करने से बचने के लिए कमलनाथ विदेश यात्रा पर चले गए हैं। कमलनाथ एक प्रोफेशनल बिजनेसमैन हैं। वो इन्वेस्ट वहीं करते हैं, जहां उनको लाभ होता है।

कमल पटेल ने कहा, %कमलनाथ को लग रहा है कि कांग्रेस का सफाया होना है इसलिए वो दुबई चले गए। कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष और बाकी लोगों के भरोसे छोड़ गए। इन लोगों के पास कुछ है नहीं। कमलनाथ को पता है कि हारना ही है तो पैसे क्यों खर्च करें। %दिल के टुकड़े हजार हुए, कोई यहां गिरा कोई वहां गिरा% कांग्रेस की हालत ऐसी है। प्रियंका गांधी के दौरे को लेकर बड़ी असमंजस की स्थिति है। पटेल ने कहा कि कमलनाथ हाईकमान से नाराज हैं, क्योंकि उनकी मर्जी के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष बना दिया गया। डॉ. गोविन्द सिंह ने कहा है कि अगर कमलनाथ को मुख्यमंत्री का चेहरा बना दिया तो कांग्रेस चुनाव हार जाएगी। ये बात तय है कि कमलनाथ सौ प्रतिशत हारेंगे, क्योंकि कांग्रेस ने जनता को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया। मंत्री कमल पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा को बहुमत हासिल है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो काम किए हैं, उनके बल पर हम चुनाव जीतेंगे। कांग्रेस धोखा देकर एक बार जीत गई, लेकिन दोबारा कभी नहीं जीतेगी। वहीं, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा, %प्रियंका गांधी का जबलपुर दौरा पूरी तरह फ्लॉप रहा। दिल्ली में डांट पड़ी। कमलनाथ वैसे भी राजनीति को कभी गंभीरता से नहीं लेते। जो व्यक्ति स्वयं को मुख्यमंत्री पद का दावेदार कहता है, उस समय विलायत घूम रहा है, जब उनकी नेता मध्यप्रदेश आने वाली हैं। हम हमेशा कहते हैं कि कमलनाथ जी हर समय पॉलिटिकल टूरिज्म करते हैं। सारंग ने कहा कि कमलनाथ ने केवल अपने ऐशो-आराम के लिए छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ा और चुनाव के बाद मेडिकल टूरिज्म किया। जब वो केन्द्रीय मंत्री रहे तब भी उन्होंने केवल पॉलिटिकल टूरिज्म किया। 15 महीने मुख्यमंत्री रहे तब राजनीतिक पर्यटन के अलावा कुछ नहीं किया। सुबह से उठकर कभी इसको चमकाना, उसको डराना। फर्जी सर्वे की बात कर दावा करना कि हमारी सरकार बन रही है और उसके बाद विलायत भाग जाना, यही उनका काम है। कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस ने अब मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी सोमवार को जबलपुर पहुंचीं। यहां उन्होंने ग्वारीघाट पर 101 ब्राह्मणों के साथ करीब 20 मिनट तक मां नर्मदा की पूजा-आरती की।

मध्यप्रदेश में केंद्र के समान 42% महंगाई भत्ता मिलेगा

# सरकारी कर्मचारियों के लिए सरकार का बड़ा फैसला, जनवरी-जून का एरियर भी देंगे



**भोपाल।** चुनावी साल में मध्य प्रदेश सरकार सभी वर्गों को खुश करने में जुटी हुई है। शिवराज सिंह चौहान ने आज कर्मचारियों को लेकर बड़ा ऐलान किया है। मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 42त्न महंगाई भत्ता मिलेगा। जनवरी से जून तक महंगाई भत्ते का एरियर 3 बराबर किस्तों में दिया जाएगा। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। छठवां वेतनमान प्राप्त कर रहे कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में भी समानुपातिक वृद्धि होगी

1 जुलाई 2023 तक सेवा के 35 वर्ष पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को चतुर्थ समयमान वेतनमान मिलेगा। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हमारी सरकार सदैव से कर्मचारी हितैषी सरकार रही है। कर्मचारियों के हितों में भी हमने अनेकों क्रांतिकारी फैसले किए हैं। पिछले दिनों हम ने घोषणा की थी कि हम राज्य के कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता देंगे। हमने फैसला किया है कि केंद्र के समान 42त्न महंगाई भत्ता हम जनवरी महीने से ही कर्मचारियों को मिलेगा। जनवरी से लेकर जून तक का एरियर तीन समान किस्तों में देंगे। वे सारे कर्मचारी जो छठवां वेतनमान ले रहे हैं, उनके महंगाई भत्ते में भी समानुपातिक वृद्धि की जाएगी। सीएम शिवराज ने कहा, हमने 2014 में यह फैसला किया था कि हम अपने कर्मचारियों को तृतीय समय मान वेतनमान भी देंगे। जिन्होंने 30 साल की सेवा पूर्ण कर ली है, अब हमने यह भी फैसला किया है कि जिन्होंने 1 जुलाई 2023 तक अपनी सेवा के 35 साल पूरे कर लिए हैं, उनको हम चतुर्थ समयमान वेतनमान भी देंगे।

## पुलिस के भरोसे पर लगी जंग

**ग्वालियर।** स्कूल, कॉलेज और कोचिंग जाने वाली लड़कियों का भरोसा व विश्वास जीतने के लिए पुलिस ने चार साल पहले 'बेटी की पेटी' योजना इसलिए शुरू की थी कि वे अपने साथ आए दिन होती छेड़खानी, फब्तियां व अन्य तरह के शोषण की शिकायत बिना संकोच के कर सकें। लेकिन यह पहल सफल होती, उससे पहले ही पुलिस ने खुद ही बेटियों के भरोसे को तोड़ दिया। स्थिति यह है कि शहर के जिन 41 स्थानों पर बेटी की पेटी लगाई गई थी, वहां पर कई पेटी खुली पड़ी है, कहीं उस पर लगे ताले में जंग लगी हुई है और कहीं पेटी सिर्फ धागे से बंधी हुई है। कुल मिलाकर पूरी कवायद औपचारिकता से अधिक कुछ नहीं है। केआरजी कॉलेज की एक छात्रा ने नाम ने बताने की शर्त पर बताया कि लड़कियां अपनी समस्याएं कहां बताएं? पुलिसवाले सुनते नहीं हैं, सुनते भी हैं तो प्रश्न इतने होते हैं कि खुद को ही शर्म आने लगती है। घर वाले भयभीत हो जाते हैं, समाज के लोग सुनेंगे नहीं।

रीवा में बेटे-बहू और पोतों के शव रखकर चक्काजाम

## परिजन बोले-यह सुसाइड नहीं हत्या, सीबीआई जांच हो;आश्वासन के बाद किया गया अंतिम संस्कार



**रीवा।** रीवा के अंबा गांव में एक ही परिवार के चार शवों का अंतिम संस्कार हुआ तो हर किसी की आंखें नम हो गईं। ये शव भोपाल में रह रहे भूपेंद्र विश्वकर्मा, उनकी पत्नी रितु, दोनों बेटों ऋषिराज और ऋतुराज के थे। परिवार के चार सदस्यों को एक साथ खोने वाले परिजन निराश होने के साथ ही आक्रोशित भी हैं। अंतिम संस्कार से पहले उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों के साथ चारों शवों को जबलपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर रखकर चक्काजाम कर दिया था। इस दौरान हाईवे के दोनों तरफ 5 किलोमीटर तक वाहनों की लाइन लगी रही। मामला बढ़ता देख हुजूर स्ठ्ठरू अनुराग तिवारी, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ल, बनकुइया सर्किल की नायब तहसीलदार ममता पटेल, ष्टस्क्क शिवाली चतुर्वेदी, विश्वविद्यालय थाना प्रभारी विद्या वारिधि तिवारी, चोरहटा थाना प्रभारी अवनीश पाण्डेय, महिला थाना प्रभारी निशा मिश्रा और यातायात सूबेदार अखिलेश कुशवाहा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। चक्काजाम कर रहे लोगों की मांग थी कि एक करोड़ रुपए मुआवजा, परिवार में एक सदस्य को सरकारी नौकरी और मामले की ष्टक्चढ्ढ जांच कराई जाए। काफी समझाइश के बाद भी वे प्रदर्शन खत्म करने पर तैयार नहीं हुए। इस पर भोपाल पुलिस ने आश्वासन दिया कि केस की विस्तृत जांच की जाएगी। जरूरत पड़ेगी तो ष्टक्चढ्ढ जांच करवाई जाएगी। विश्वकर्मा परिवार को 25 हजार रुपए की तत्काल मदद भी की गई। पांच हजार पंचायत, 10 हजार स्ठ्ठरू और 10 हजार विधायक निधि से दिए गए। मदद और आश्वासन मिलने के बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया गया। भोपाल के रातीबड़ में भूपेंद्र विश्वकर्मा (38) ने गुरुवार को अपने दोनों बच्चों ऋषिराज (9) और ऋतुराज (3) को जहर पिला दिया था। इसके बाद पत्नी रितु (35) के साथ फांसी लगाकर सुसाइड कर ली थी। गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात तीन बजे परिजन चारों के शव लेकर पैतृक गांव अंबा पहुंचे। शुक्रवार सुबह अंतिम संस्कार के लिए चार अर्थी श्मशान घाट के लिए एक साथ रवाना हुईं, लेकिन परिजन शव लेकर हाईवे पर बैठ गए।

## मैगी खाने के बाद बिगड़ी अकाउटेंट की तबीयत

**इंदौर।** इंदौर के एमआईजी में रहने वाले निजी कंपनी के अकाउंटेंट की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। बताया जाता है कि उन्होंने मैगी खाई बाद में थूली और कड़ी खा ली। रात में करीब 11 बजे उनकी तबीयत बिगड़ी उपचार के लिये उन्हें अस्पताल भेजा गया। लेकिन यहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। एमआईजी पुलिस के मुताबिक विजय (32) पुत्र कालूराम पांचाल निवासी शिव शक्ति नगर की एमवाय अस्पताल में गुरुवार रात मौत हो गई। बहन सीमा ने बताया कि विजय पीथमपुर की कंपनी में अकाउंटेंट हैं। रात में अचानक उन्हें उल्टियां होने लगी। इसके बाद किराएदार के ऑटो रिक्शा से एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से वे डॉक्टरों के पास पैदल चलकर हुए गए। इस बीच उन्हें अचानक चक्कर आए कि उनसे चला नहीं गया। वे रास्ते में ही लेट गए। कुछ देर बाद डॉक्टरों ने चेकअप किया और उन्हें मृत घोषित कर दिया। बहन सीमा ने बताया कि विजय पीथमपुर में जॉब करते हैं। रात में खाने में उन्होंने मैगी खाई थी। इसके बाद थूली ओर कड़ी भी खाई। कुछ देर बाद बोले कि उन्हें अचानक घबराहट और बेचैनी हो रही है।

कांग्रेसः पटवारी परीक्षा में व्यापमं घोटाले का पार्ट-3

# परीक्षा निरस्त कर ऑफलाइन परीक्षा कराए सरकार, सीबीआई जांच की मांग




**इंदौर।** इंदौर गुरुवार सुबह हजारों की संख्या में छात्रों ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। छात्र यहां पर पटवारी परीक्षा में हो रहे घोटालों के विरोध में इकट्ठा हुए थे। छात्र जोर-जोर से सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे और परीक्षाओं में गड़बड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जिस पर सरकार द्वारा गंभीरता नही बरतना दुर्भाग्य पूर्ण है। छात्रों के प्रदर्शन पर इंदौर शहर अध्यक्ष ने कहा कि यह व्यापमं का बड़ा घोटाला है और इसकी सीबीआई से जांच होना चाहिए। कांग्रेस पार्टी छात्रों का पूर्ण समर्थन करती है। वहीं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव राजेश चौकसे ने शिवराज सरकार पर पटवारी परीक्षा के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार पर हमला बोलते हुए कहा की पटवारी भर्ती में सत्तारूढ़ दल बीजेपी के भिंड से विधायक संजीव सिंह कुशवाहा के इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाए परीक्षा केंद्र से न सिर्फ 114 अभ्यार्थियों का चयन हो गया है, बल्कि टॉप टेन में 7 परीक्षार्थी इसी केंद्र से आए हैं। सभी 'टॉपर्स% के स्कोर करीब-करीब एक जैसे होने से गड़बड़िया की आशंका गहरा गई है। उक्त विधायक ग्वालियर में एनआरआई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट का संचालन करते हैं। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने बीते मार्च-अप्रैल में ग्रुप-2 (सब ग्रुप-4) और पटवारी भर्ती परीक्षा कराई थी। जिसमें भी इसी तरह के आरोप लगे थे। सरकार निष्पक्ष होने का स्वांग रचती है जब की उन्हीं की सरकार में बैठे नुमाइंदे व्यापमं 1, 2, 3 को अंजाम देते है। वर्तमान परीक्षा प्रणाली को प्रदेश के गृहमंत्री कितनी भी पारदर्शी और उन्नत बताए परंतु सच तो यह है की इस परीक्षा प्रणाली से प्रदेश के छात्र-छात्राओं का विश्वास उठ गया है। वहीं संभागीय प्रवक्ता अमित चौरसिया एक और सरकार मुफ्त रेवड़ियां बांटकर जनता का ध्यान अपनी सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार से हटाने में लगी है वहीं उनकी सरकार में नित हर दिन एक नया भ्रष्टाचार और घोटाला सामने आ रहा है। प्रदेश के हजारों बच्चों ने दिन-रात जी तोड़ मेहनत कर उक्त परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिनके ऊपर यह कुठाराघात है। सरकार अगर इतनी ईमानदार और निष्पक्ष है तो वह उक्त परीक्षा को निरस्त कर ऑफलाइन परीक्षा आयोजित करे। साथ ही उक्त परीक्षा में दिख रहे पक्षपात पूर्ण परिणामों की जांच सीबीआई से करवा कर दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई कराए। कांग्रेस संगठन इंदौर में पटवारी परीक्षा के परिणामों के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन की मांगों का समर्थन करते हुए शिवराज सरकार से निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करती है।




# दिल्ली की बाढ़ से परेशान हुई जान्हवी कपूर!

## टालनी पड़ी आगामी फिल्म की शूटिंग



**इन** दिनों राजधानी दिल्ली में यमुना उफान पर है, जिसके चलते बाढ़ की स्थिति बन गई है। कई इलाके जलमग्न होने से लोगों की जिंदगी प्रभावित है। बाढ़ की मुसीबत से सिर्फ दिल्लीवासी ही परेशान नहीं हैं, बल्कि अभिनेत्री जान्हवी कपूर भी इससे दुखी हैं।

जी हां, दिल्ली की बाढ़ की वजह से उनकी फिल्म की शूटिंग अटक गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस को अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग के लिए दिल्ली आना था, लेकिन केंद्रीय राजधानी में बाढ़ की स्थिति के चलते ऐसा नहीं हो सका है। जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'उलझ' को लेकर खबरों में हैं। यह देशभक्ति पर आधारित थ्रिलर फिल्म है। कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस की इस फिल्म की शूटिंग का एक लंबा शेड्यूल दिल्ली के लिए निर्धारित था। प्लान के मुताबिक इसकी शुरूआत दस जुलाई से होनी थी और करीब 15 दिन शूटिंग चलनी थी। लेकिन, बाढ़ के चलते सारी प्लानिंग फेल हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक जान्हवी कपूर और फिल्म की पूरी टीम ने दस जुलाई को दिल्ली आने की पूरी तैयारी कर ली थी। लेकिन, दिल्ली में हुई भारी बारिश और अब बाढ़ के हालात के चलते सबकुछ बदल गया। दिल्ली में फिल्म की शूटिंग कई आइकॉनिक लोकेशन पर होनी थी। इनमें पुरानी दिल्ली, लाल किला, कुतुब मीनार, लाजपत नगर मार्केट और कुछ स्मारक आदि शामिल हैं। दिल्ली की मौजूदा स्थिति को देखते हुए टीम के पास शूटिंग रद्द करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। फिलहाल मेकर्स ने किसी वैकल्पिक लोकेशन पर शूटिंग करने का फैसला नहीं लिया है, बल्कि रिपोर्ट्स के मानें तो अगस्त के मध्य में दिल्ली में ही शूटिंग शुरू की जाएगी, जिससे प्लानिंग के मुताबिक वास्तविक लोकेशन को फिल्म में दिखाया जा सके।

# सोनम बाजवा ने दिखाया हिंदी फिल्मों को ठेंगा, सिर्फ एक शर्त पर करेंगी बॉलीवुड में डेब्यू



**सोनम** बाजवा पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की सक्सेसफुल एक्ट्रेसेस में से एक हैं। करीब एक दशक के करियर में सोनम ने इंडस्ट्री में अपनी एक अलग जगह बना ली है। अब सोनम के पास बॉलीवुड से भी बहुत सारे ऑफर आ रहे हैं, लेकिन एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने के मूड में नहीं हैं।

अपनी लेटेस्ट रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कैरी ऑन जट्टा 3' की सक्सेस एन्जॉय कर रहीं सोनम बाजवा ने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में बताया कि वह अभी क्यों बॉलीवुड में डेब्यू नहीं कर रही हैं। वह अब तक कई ऑफर को भी ठुकरा चुकी हैं। सोनम बाजवा ने बताया कि वह बॉलीवुड में डेब्यू तो करना चाहती हैं, लेकिन कभी डेट्स के इश्यू होते हैं तो कभी अच्छे ऑफर नहीं मिलते हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'गुड्डियां पटोला', 'जिंद माही', 'जिंद मेरिये' और 'शेर बग्गा' जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं सोनम बाजवा की 'कैरी ऑन जट्टा 3' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। फिल्म जल्द ही 50 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली है। मूवी में सोनम ने गिप्पी ग्रेवाल के साथ स्कीन शेयर किया है।

# सनी लियोनी ने 'अश्लील मूवीज' पर तोड़ी चुप्पी, कहा- एडल्ट फिल्मों के धर्मा और यश राज फिल्म्स के साथ किया है



**फिल्म** एक्ट्रेस सनी लियोनी कई फिल्मों में नजर आ चुकी है। उन्होंने कई फिल्मों में स्पेशल नंबर भी किए हैं। इसके अलावा वह कई रियलिटी शो में भी नजर आ चुकी है। खास बात यह है कि वह बॉलीवुड की फिल्मों में काम करने से पहले अश्लील फिल्मों में काम करती थी। अब उन्होंने खुलासा किया है कि वह एडल्ट फिल्मों के धर्मा और यश राज प्रोडक्शन के साथ काम करती थी। सनी लियोनी का जन्म 1981 में कनाडा में एक सिख परिवार में हुआ है। वह सन 2000 में अमेरिकी एडल्ट फिल्म इंडस्ट्री में उभरकर सामने आई। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे छोड़ दिया और सन 2011 में वह मुंबई शिफ्ट हो गई। वह बिग बॉस 5 में पहली बार नजर आई थी।

सनी लियोनी ने खुलासा किया है कि उन्होंने एडल्ट फिल्म इंडस्ट्री के बड़े प्लेयर के साथ काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा करने में उन्हें समय लगा लेकिन वह इसे सफलतापूर्वक कर पाई। उन्होंने एडल्ट फिल्मों में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने इस इंडस्ट्री के बड़े से बड़े दिग्गज के साथ काम किया है। उन्होंने इनकी तुलना बॉलीवुड के धर्मा और यश राज से की है। खास बात यह है कि भारत में अभी तक उन्होंने इन दोनों ही फिल्म प्रोडक्शन के साथ काम नहीं किया है। सनी लियोनी ने बियर बाइसेप्स नाम के एक यूट्यूब चैनल पर इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने इसपर बात की है। उन्होंने यह भी कहा कि शुरूआत में वह सावधान थी। इसके चलते, उन्हें बड़ा नाम बनाने में समय लगा।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .